# Class - VIII
# Subject - HINDI GRAMMAR
## पाठ – 5 शब्द निर्माण – समास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. समास की परिभाषा लिखें।

उत्तर दो या दो से अधिक शब्दों के मिलने से एक नया शब्द बनता है, इस नए शब्द–निर्माण की प्रक्रिया को समास कहते हैं।

ख. समास विग्रह किसे कहते हैं?

उत्तर जब समस्त पद / सामासिक शब्दों को अलग–अलग करके लिखा जाता है, तब उसे समास–विग्रह कहते हैं। जैसे –

| समस्त पद | समास विग्रह |
|---|---|
| गंगाजल | गंगा का जल |
| तिरंगा | तीन रंगों का समूह |

ग. समास के कितने भेद होते हैं? नाम लिखें।

उत्तर समास के छह भेद होते हैं –

1. अव्ययीभाव समास
2. तत्पुरूष समास
3. द्विगु समास
4. कर्मधारय समास
5. द्वंद्व समास
6. बहुव्रीहि समास

घ. संधि और समास में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर संधि और समास में निम्नलिखित अंतर हैं –

संधि

1. संधि में वर्णों का मेल होता है।
2. इसमें वर्णों के मेल से परिवर्तन होता है।

समास

1. समास में शब्दों का मेल होता है।
2. इसमें वर्णों में परिवर्तन नहीं होता है।

ङ द्विगु समास व बहुव्रीहि समास में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर द्विगु समास

1. द्विगु समास में समस्त पद (सामासिक शब्द) के पूर्व पद में संख्यावाचक विशेषण और उत्तर पद में उसका विशेष्य होता है। जैसे – त्रिफला – तीन फलों का समूह
2. द्विगु समास समूह का बोध कराता है।

बहुव्रीहि समास

1. बहुव्रीहि समास का संपूर्ण पद (सामासिक शब्द) ही विशेषण का कार्य करता है।
   जैसे – त्रिफला – तीन फलों वाला
2. बहुव्रीहि समास का दोनों पद मिलकर तीसरे पद की ओर संकेत कराता है।